# JSA-4020

## B.A. (IVth Semester) Examination, June-2025

## HINDI LITERATURE

### Paper - HIN 5 VACT-42

### (उपन्यास साहित्य)

*Time : 3 Hours* ] [ *Maximum Marks : 120*

**खण्ड–अ** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :- सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या (i) से (v) बहुविकल्पीय प्रश्न एवं प्रश्न संख्या (vi) से (x) रिक्त स्थान भरने वाले प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

**खण्ड–ब** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :- सभी **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प का चयन कीजिए (उत्तर-सीमा 150 शब्द)। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है।

**खण्ड–स** **(अंक : 20 × 3 = 60)**

**नोट** :- पाँच में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

**खण्ड–अ**

1. (i) अंग्रेजी ढंग का पहला मौलिक उपन्यास कौनसा माना जाता है ?

(अ) परीक्षा गुरु (ब) भाग्यवती

(स) निस्सहाय हिन्दू (द) कुसुम कुमारी

(ii) खड़ी बोली हिन्दी से पूर्व 'प्रेमचंद' किस भाषा में लेखन किया करते थे ?

(अ) अरबी (ब) फारसी 3.

(स) उर्दू (द) अंग्रेजी

(iii) जैनेन्द्र के उपन्यासों की शैली कौनसी है ?

(अ) ऐतिहासिक (ब) मनोवैज्ञानिक

(स) सामाजिक (द) तिलस्मी एय्यारी

(iv) 'अनामदास का पोथा' उपन्यास का प्रमुख पात्र कौन है ?

(अ) जबाला (ब) शुभे

(स) ऋतम्भरा (द) रैक्व

(v) मन्नू भण्डारी कृत प्रथम उपन्यास कौनसा है ?

(अ) महाभोज (ब) आपका बंटी

(स) एक इंच मुस्कान (द) सारा आकाश

(vi) श्रीलाल शुक्ल कृत रिपोर्ताज शैली में लिखा गया उपन्यास .................... है।

(vii) प्रेमचन्द कृत प्रसिद्ध उपन्यास गोदान .................... की समस्या को रेखांकित करता है।

(viii) जैनेन्द्र कृत 'त्यागपत्र' उपन्यास की प्रमुख पात्र ........................ है।

(ix) 'अनामदास का पोथा' उपन्यास की प्रमुख नारी पात्र ........................ है।

(x) पति-पत्नी के बीच अहं के टकरावजनित स्थिति में बच्चे के अंतर्मन का चित्रण मन्नू भण्डारी कृत ........................ उपन्यास में किया गया है।

**खण्ड–ब**

**इकाई–I**

2. उपन्यास का अर्थ एवं परिभाषा बताते हुए उपन्यास के प्रमुख तत्वों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

हिन्दी उपन्यास के उद्भव एवं विकास को संक्षेप में समझाइए।

## इकाई–II

3. प्रेमचंद कृत उपन्यास 'रंगभूमि' के प्रमुख पात्र सूरदास का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**अथवा**

उपन्यास सम्राट प्रेमचंद के उपन्यासों की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

## इकाई–III

4. जैनेन्द्र कृत 'त्यागपत्र' एक मनोवैज्ञानिक उपन्यास है। सिद्ध कीजिए।

**अथवा**

'त्यागपत्र' उपन्यास के माध्यम से लेखक जैनेन्द्र नारी जीवन की किन समस्याओं को उजागर करना चाहते हैं ? बताइए।

## इकाई–IV

5. 'अनामदास का पोथा' उपन्यास का कथानक संक्षेप में लिखिए।

**अथवा**

'अनामदास का पोथा' उपन्यास के नामकरण के बारे में बताइए कि यह नाम लेखक ने क्यों रखा ?

## इकाई–V

6. 'महाभोज' उपन्यास के आधार पर सिद्ध कीजिए कि उपन्यास की संवाद योजना में व्यंग्य का कटु और तीक्ष्ण प्रयोग किया गया है।

**अथवा**

महाभोज उपन्यास की विवेचना करते हुए बताइए कि आज भी आम आदमी की स्थिति दयनीय है।

## खण्ड–स

7. हिन्दी के साठोत्तरी उपन्यासों की प्रमुख विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए।

8. जैनेन्द्र कृत त्यागपत्र उपन्यास की नायिका 'मृणाल' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

9. औपन्यासिक तत्वों के आधार पर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी कृत 'अनामदास का पोथा' उपन्यास की विवेचना कीजिए।

10. "'अनामदास का पोथा' उपन्यास रैक्व आख्यान के माध्यम से प्रेम और ज्ञान को कर्मयोग में परिवर्तित कर समाज सेवा व मानवता का संदेश देता है।" इस कथन की सार्थकता सिद्ध करते हुए संक्षिप्त निबन्ध लिखिए।

11. आपातकाल के बाद की भारत की राजनीतिक व प्रशासनिक भ्रष्टाचार को 'महाभोज' उपन्यास के आधार पर स्पष्ट कीजिए।